बरेली, सोमवार
14 दिसंबर, 2020
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

PAGE NO, 05 MIDDLE

समय पर जांच से बीमारी का सटीक इलाज

जासं, बरेली : किसी भी बीमारी का इलाज उसकी सटीक और शीघ्र जांच से ही सुनिश्चित होता है। इसमें आधुनिक तकनीक अपनाना जरूरी है। एसआरएमएस मेडिकल कालेज में रविवार को इंडियन एकेडमी आफ साइटोपैथोलाजिस्ट के यूपी चैप्टर की वर्चुअल साइटोपैथोलाजी सीएमई हुई। इसमें विशेषज्ञ डाक्टरों ने केस स्टडी के बाद रोगों की जांच में होने वाले आधुनिक बदलावों पर वेबिनार के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारी दी।

नई दिल्ली स्थित एम्स के प्रोफेसर डा. संदीप माथुर ने रोगों की जांच के लिए ब्लड कलेक्शन की आधुनिक तकनीक के बारे में बताया। वैज्ञानिक डा. रुचिका गुप्ता ने रेडियोलाजिक इन्वेस्टिगेशन में आ रहे बदलावों की बात रखी। सैफई मेडिकल कालेज की एसोसिएट प्रोफेसर डा.सविता अग्रवाल ने भी साइटोपैथोलाजी की विभिन्न जांचों को बताया।

एसआरएमएस में हुई वेबिनार में शामिल प्रतिभागी • सौ. से एसआरएमएस

वहीं, एसएनएमसी आगरा की प्रोफेसर डा. दीपा रानी, नई दिल्ली स्थित यूसीएमएस के प्रोफेसर डा.वीके अरोरा, एसजीपीजीआइ लखनऊ के प्रोफेसर डा.राम नवल राव, एसएमसी मेरठ की प्रोफेसर डा.रानी बंसल, एमएमसी मुजफ्फरनगर के प्रोफेसर डा.आलोक मोहन ने जांच के आधुनिक तरीकों की जानकारी दी। आरएमसीएच बरेली के प्रोफेसर डा.रंजन अग्रवाल, केजीएमयू लखनऊ की प्रोफेसर डा.माला सागर, एएमयू अलीगढ़ के प्रोफेसर डा.निशांत अफरोज ने केस स्टडी प्रस्तुत की।